# UP (Ro/Aro) 2014 General Hindi (Mains)

1. 'आहूत' का विलोम शब्द है-
   (a) हूत (b) अनहूत
   (c) अपहूत (d) अनाहूत
2. 'अथ' का विलोम शब्द है-
   (a) अथक (b) पृथक
   (c) इति (d) अति
3. 'वादी' का विलोम शब्द है-
   (a) अवादी (b) विवादी
   (c) प्रतिवादी (d) अनावादी
4. 'अवर' का विलोम शब्द है-
   (a) लघु (b) प्रवर
   (c) सुवर (d) कनिष्ठ
5. 'जटिल' का विलोम शब्द है-
   (a) सरल (b) कुटिल
   (c) सहज (d) अजटिल
6. विलोम की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है-
   (a) आयात-निर्यात (b) दृश्य-अदृश्य
   (c) प्रत्यक्ष-परोक्ष (d) आमिष-सामिष
7. निम्न में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है:
   (a) उज्ज्वल (b) वैमनस्यता
   (c) कवित्री (d) प्रमाणिक
8. निम्नलिखित शब्दों में किसकी वर्तनी शुद्ध है?
   (a) संन्यास (b) प्रत्यूपकार
   (c) दुरावस्था (d) कैलाष
9. निम्न में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है:
   (a) उद्घोष (b) एकता
   (c) तात्कालिक (d) उपरोक्त
10. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य अशुद्ध है:
    (a) काशी सदैव से भारतीय संस्कृति का केन्द्र रहा है।
    (b) गाँधीजी का चरखा चलाना 'स्वदेशी' का प्रतीक था।
    (c) वन-जीवन के कष्टों का भय भी सीता को राम के अनुगमन से रोक नहीं सका।
    (d) अपनी कुशल रणनीति से शिवाजी ने विपक्षियों के छक्के छुड़ा दिये थे।
11. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है:
    (a) वे सब प्रकार के दोषों से विहीन हैं।
    (b) वे सब दोषों से हीन हैं।
    (c) वे सब प्रकार के दोषों से मुक्त है।
    (d) वे सभी ही दोषों से मुक्त हैं।
12. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है:
    (a) पृथ्वीराज चौहान ने यदि राजनीतिक चातुर्य का परिचय दिया होता तो आज भारत का इतिहास कुछ और ही होता।
    (b) गिलास ऊपर तक दूध से ठसाठस भरा हुआ था।
    (c) प्रबुद्ध विद्यार्थियों को शिक्षक का केवल संकेत मात्र ही पर्याप्त होता है।
    (d) शिक्षक ने विद्यार्थियों को आतंकवाद के ऊपर निबंध लिखने का आदेश दिया।
13. 'जिसे जानने की इच्छा है'- के लिए एक शब्द है-
    (a) ज्ञानार्थी (b) जिज्ञासु
    (c) जिगीषु (d) जिजीविषु
14. 'जो कठिनाई से समझने योग्य है'- के लिए एक शब्द है-
    (a) अगम (b) क्लिष्ट
    (c) दुर्बोध (d) दुर्गम
15. 'जो पृथ्वी से सम्बद्ध है'- वाक्यांश के लिए एक शब्द है-
    (a) पृथा (b) लौकिक
    (c) भूगोलीय (d) पार्थिव
16. 'जो पहले था, पर अब नहीं है' के लिए एक शब्द है-
    (a) पूर्वज (b) अंत्यज
    (c) भूतपूर्व (d) अनागत
17. 'जो कठिनाई से मिलता है'-के लिए एक शब्द है-
    (a) दुर्लभ (b) अलभ्य
    (c) अप्राप्त (d) अनुपलब्ध
18. 'बहुत सी भाषाओं को जानने वाला' - के लिए एक शब्द है-
    (a) बहुभाषाविद् (b) बहुभाषाभाषी
    (c) दुभाषिया (d) बहुभाषिया
19. 'ढीठ' का तत्सम रूप है-
    (a) धूर्त (b) धृष्ट
    (c) उद्दंड (d) धृषित
20. निम्न शब्दों में कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?
    (a) मृत्तिका (b) विकार
    (c) कपाट (d) कपूर
21. निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव है?
    (a) कोयल (b) आश्चर्य
    (c) उज्ज्वल (d) कंटक
22. 'अट्टालिका' का तद्भव रूप है-
    (a) अटाला (b) अटल
    (c) अटारा (d) अटारी

23. निम्न में कौन-सा शब्द तद्भव है?
   (a) जल (b) नग्न
   (c) तीन (d) भ्रमर

24. 'कर्पर' का तद्भव रूप है-
   (a) कपूर (b) कपड़ा
   (c) कर्कट (d) खप्पर

25. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?
   (a) बनारसी (b) भारतवर्ष
   (c) बाजार (d) खेती

26. जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे कहते हैं-
   (a) सर्वनाम (b) विशेषण
   (c) क्रिया (d) अव्यय

27. 'रमेश की पुस्तक पुरानी है'- इस वाक्य में 'पुस्तक' शब्द है-
   (a) विशेष्य (b) विशेषण
   (c) क्रिया-विशेषण (d) सर्वनाम

28. 'उस ग्रंथ में 500 पृष्ठ हैं'- इस वाक्य में 'उस' शब्द है-
   (a) गुणवाचक विशेषण
   (b) परिमाणवाचक विशेषण
   (c) संकेतवाचक विशेषण
   (d) व्यक्तिवाचक विशेषण

29. 'यह चाँदी खोटी सी दिखती है'- इस वाक्य में खोटी सी विशेषण का प्रकार है-
   (a) गुणवाचक विशेषण
   (b) संख्यावाचक विशेषण
   (c) परिमाण बोधक विशेषण
   (d) पूर्णांक बोधक विशेषण

30. 'दनामोल' में किस प्रकार का विशेषण है?
   (a) परिमाण बोधक
   (b) अपूर्णांक बोधक
   (c) अनिश्चित संख्यावाचक
   (d) निश्चित संख्यावाचक